# झारखण्ड लोक सेवा आयोग,
# सर्कुलर रोड, राँची

## प्रेस विज्ञप्ति

**झारखण्ड अभियोजन सेवान्तर्गत सहायक लोक अभियोजक के कुल–160 पदों {नियमित 134 पद (विज्ञापन संख्या–06/2025 एवं बैकलॉग 26 पद (विज्ञापन संख्या–05/2025)} के संबंध में आवश्यक सूचना।**

मननीय झारखण्ड उच्च न्यायालय, राँची द्वारा W.P.(S) No.-7217 of 2025 संजीव कुमार महतो एवं अन्य बनाम झारखण्ड राज्य एवं अन्य में दिनांक–11.07.2025 को पारित न्यायादेश के आलोक में सहायक लोक अभियोजक बैकलॉग भर्त्ती परीक्षा हेतु प्रकाशित विज्ञापन संख्या–05/2025 की कंडिका (7) में एवं सहायक लोक अभियोजक सीधी भर्त्ती परीक्षा हेतु प्रकाशित विज्ञापन संख्या–06/2025 की कंडिका (7) में **उम्र सीमा की संदर्भ तिथि–01.08.2024 के स्थान पर 01.08.2019 पढ़ा जाय।** विज्ञापन संख्या–05/2025 एवं विज्ञापन संख्या–06/2025 की शेष शर्त्तें यथावत रहेंगी।

2. उक्त के क्रम में संबंधित मामले के वादीगण (Petitioners) एवं अन्य इच्छुक एवं अर्हताधारी भारतीय नागरिकों से ऑफलाईन आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

3. परीक्षा शुल्क क्रेडिट कार्ड/डेबिट कार्ड/इंटरनेट बैंकिंग/UPI/चालान के माध्यम से SBI Collect पर स्वीकार किये जायेंगे।

4. ऑफलाईन आवेदन का प्रपत्र एवं परीक्षा शुल्क भुगतान हेतु लिंक आयोग के वेबसाईट www.jpsc.gov.in पर उपलब्ध है।

5. उक्त आवेदक विज्ञापन संख्या–05/2025 एवं विज्ञापन संख्या–06/2025 के ऑफलाईन आवेदन में वांछित सूचना भर कर विज्ञापन की कंडिका **13(थ)** में अंकित संबंधित प्रमाण पत्रों की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति के साथ संलग्न कर लिफाफे के ऊपर विज्ञापन संख्या एवं पद का नाम तथा अपना नाम, पता, रजिस्ट्रेशन संख्या, OTR संख्या अंकित कर परीक्षा नियंत्रक, झारखण्ड लोक सेवा आयोग, सर्कुलर रोड, राँची के पते पर दिनांक–25.07.2025 से दिनांक–14.08.2025 (अपराह्न 05:00 बजे) तक स्पीड पोस्ट/निबंधित डाक द्वारा या हाथों–हाथ उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

6. यह प्रेस विज्ञप्ति आयोग के वेबसाईट **www.jpsc.gov.in** पर उपलब्ध है।

ह0/–
परीक्षा नियंत्रक (प्रभारी),
झारखण्ड लोक सेवा आयोग, राँची।